लोक सेवा आयोग, उ0प्र0
संख्या–182/1/ई–1/2016–17
इलाहाबाद, दिनांक 16 नवम्बर, 2016

विज्ञप्ति

उ0प्र0 न्यायिक सेवा सिविल जज (जू.डि.) (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2016 के परीक्षा परिणाम के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार दिनांक 18 दिसम्बर, 2016 से इलाहाबाद व लखनऊ जनपदों में सम्पन्न होगी । सभी अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट http://uppsc.up.nic.in पर "ONLINE FORM SUBMISSION FOR CIVIL JUDGE (J.D.) MAIN EXAM., 2016" को क्लिक करने पर प्रदर्शित फॉर्मेट पर विकल्प–इलाहाबाद अथवा लखनऊ में से वांछित केन्द्र दिनांक 25.11.2016 तक सेलेक्ट (Select) करें । केन्द्र के विकल्प में कोई परिवर्तन अनुमन्य नहीं है । अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त वांछित सूचना सही–सही एवं सावधानीपूर्वक भरें ।

2–तत्पश्चात् मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने हेतु स्क्रीन पर "Click here to proceed for payment" कैप्शन के साथ "Fee to be deposited in INR" प्रदर्शित होगा । उक्त कैप्शन को Click करने के पश्चात स्टेट बैंक MOPS (Multi option payment system) का Home Page प्रदर्शित होगा, जिस पर भुगतान के तीन माध्यम (Mode) प्रदर्शित होंगेः (i) NET BANKING (ii) CARD PAYMENTS (iii) OTHER PAYMENT MODES, उक्त माध्यमों में से किसी एक माध्यम द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् "Payment Acknowledgement Receipt (PAR) प्रदर्शित होगी जिसमें परीक्षा शुल्क जमा करने का पूर्ण विवरण अंकित रहेगा, इसकी प्रिंट "Print Payment Receipt" पर क्लिक करके प्राप्त कर लें । उपर्युक्तानुसार परीक्षा शुल्क दिनांक 28.11.2016 तक जमा करना सुनिश्चित करें ।

3–परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् आयोग की वेबसाइट पर परीक्षा शुल्क से संबंधित वांछित सूचनाओं की प्रविष्टि करने के उपरान्त Submit बटन पर Click करने के बाद प्रदर्शित ऑनलाइन फॉर्मेट, परम्परागत आवेदन–पत्र तथा मुख्य परीक्षा हेतु आवश्यक अनुदेश व आयोग को प्रेषित करने हेतु पता पर्ची (Address Slip) डाउन लोड कर उनका प्रिंट आउट दिनांक 30.11.2016 तक अवश्य प्राप्त कर लें ।

4–तत्पश्चात् उपर्युक्त प्रस्तर–3 में उल्लिखित तथा मुद्रित किए गए परम्परागत आवेदन–पत्र को पूर्णरूप से भरकर समस्त संलग्नकों (उपाधियों, प्रमाण पत्रों, अंक तालिकाओं तथा अन्य सभी दावों से संबंधित प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां तथा प्रस्तर–3 में उल्लिखित ऑनलाइन फॉर्मेट के प्रिंट आउट की प्रति) सहित एक लिफाफे में भरकर तथा

उक्त लिफाफे पर प्रस्तर–3 के अनुसार मुद्रित पता पर्ची (Address Slip) चस्पा कर दिनांक 07.12.2016 को सायं 6.00 बजे तक अथवा उसके पूर्व सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 (परीक्षा अनुभाग–3) 10, कस्तूरबा गांधी मार्ग, इलाहाबाद–211018 को पंजीकृत डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से आयोग के गेट संख्या–3 पर स्थित डाक अनुभाग के काउन्टर (पूछ–ताछ काउन्टर) पर अवश्य उपलब्ध करा दें । उक्त अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे । वांछित प्रमाण–पत्रों के संलग्न न होने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिए जाएंगे ।

5–मुख्य परीक्षा में केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके द्वारा निर्धारित तिथि तक सभी चरणों की प्रक्रिया पूर्ण की गईं होगी ।

6–अभ्यर्थी आयोग की उक्त वेबसाइट से डाउनलोड किए गए आवश्यक अनुदेशों का भली–भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही परम्परागत आवेदन–पत्र भरें ।

(प्रभुनाथ)
परीक्षा नियंत्रक